



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 195 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 29 अप्रैल 2024 | मूल्य 2 रुपया



**आवश्यकता है**

दैनिक गुरु एक्सप्रेस

गुरु एक्सप्रेस की प्रिटिंग यूनिट पर रात्रि के समय 11 से 3 बजे तक काम करने वाले युवक (हेल्पर)की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार (मंदसौर निवासी ही सम्पर्क करें)

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस

9425105928. 8319964648


## हिन्दू कार्यकर्ताओं ने रोके गौवंश से भरे 46 ट्रक





### 582 गौवंश बरामद, 100 से अधिक आरोपी पुलिस हिरासत में

### क्रूरतापूर्वक भरे गए थे गौवंश, पुलिस ने मुक्त कराकर गौशाला भेजे

**मंदसौर, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के बीच रविवार सुबह बही टोल नाके पर हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं ने गौवंश से भरे 46 ट्रक पकड़े, इनमें 582 गौवंश बरामद हुए। इस मामले में करीब 100 से अधिक आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। पकड़े गए गौवंश को गौशाला भिजवाया है। घटनास्थल पर कुछ ट्रकों के कांच हिन्दू संगठन कार्यकर्ताओं द्वारा फोड दिए गए। ट्रकों में सवार ड्राइवरों के पास नागोर कलेक्टर के पत्र भी मिले है, जिसमें उक्त पशु श्री बलदेव पशु मेला मेडता सिटी से पशु पालकों द्वारा क्रय किए जाने व इनके परिवहन के संबंध में लिखा गया है और पत्र दिखाने पर किसी भी संगठन द्वारा परेशान नही किए जाने का जिक्र है। वहीं ट्रक के आगे कांच पर बलदेव पशु मेला मेडता सिटी 2024 रवाना टोकन लगा हुआ था, जिस पर ट्रक नम्बर अंकित है। वहीं मेला अधिकारी महेश कुमार मीणा, मेला मजिस्ट्रट श्रीमती पूनम, मेडता उप पुलिस अधीक्षक पिन्टूसिंह के नाम व मोबाइल नम्बर अंकित है। हालांकि ट्रकों में ड्राइवरों के पास गौवंश के परिवहन संबंधी दस्तावेज प्राप्त हुए है, लेकिन, इसमें अनियमितता होने ट्रकों में पानी, चारे की व्यवस्था नही होने पर पुलिस ने इनके खिलाफ कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार रविवार सुबह 9 बजे करीब पिपलिया के बही टोल नाके पर हिन्दू संगठन कार्यकर्ताओं ने गौवंश से भरी ट्रकों को रोका, जिसमें गौवंश भरे होने पर हिन्दू संगठन कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर दिया। ट्रकें इतनी संख्या में थी कि इन्हें रोका तो पूरे मार्ग पर कतार लग गई। ट्रक ड्राइवरों ने बताया कि उक्त गौवंश मेड़ता सिटी राजस्थान से लेकर मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र के खंडवा,बडवानी, बडगांव आकोद, सिंगोट, खरगोन, छिंदवाडा सहित विभिन्न क्षेत्र में किसानों को उक्त गौवंश देने जा रहे है। जबकि, हिन्दू संगठन कार्यकर्ताओं का आरोप है कि उक्त गौवंश काटने के लिए ले जा रहे है। हिन्दू संगठन कार्यकर्ताओं के विरोध के बाद पुलिस सभी ट्रकों को पिपलिया मंडी थाने पर ले गई। इसमें विवेचना के दौरान करीब 46 ट्रक निकले, जिसमें एक-एक ट्रक में 13 से 14 गौवंश कुल 59682 गौवंश भरे हुए थे। क्षेत्र में इतनी बड़ी संख्या में ट्रकों से गौवंश के बरामद होने की यह पहली घटना बताई जा रही है। देर शाम तक मामले को लेकर पुलिस थाने पर कार्रवाई जारी रही।

#### अब फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी का होगा खेल...

इतनी बडी संख्या में पशुओं से भरे ट्रक और आरोपी पकड़ाए जाने के बाद अब उनका थानों पर ही जमानत का खेल चलेगा। ड्राइवर की जमानत के बाद गाडी मालिक फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी लगाकर दूसरे को पेश करेंगे। जबकि, पूर्व पुलिस कप्तान श्री हितेश चौधरी के कार्यकाल में किसी भी गाडी का चालान तब तक पेश नही हुआ था, जब तक की गाड़ी मालिक स्वयं पेश नहीं हुए थे। उनमें से अधिकतर मामलों में गाडियां भी राजसात हुई थी। इस बार देखना है की पुलिस क्या नीति अपनाती है..!

#### इनका कहना...

ट्रक ड्राइवरों के पास पशुओं को परिवहन करने संबंधी दस्तावेज थे। सभी गौवंश अलग-अलग लोगों के नाम से टोकन है। लेकिन, इसमें अनियमितताएं थी। ट्रकों में गौवंश के चारे, पानी की व्यवस्था नही थी, वहीं संख्या भी अधिक थी। इस कारण इसे पशु क्रूरता मानते हुए प्रकरण दर्ज किया है। गौवंश को मंदसौर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भिजवाया है। विवेचना जारी है।

**नरेन्द्र सौलंकी**
**एसडीओपी मल्हारगढ़**



रविवार को गरमी का असर रोजाना से अधिक रहा। दोपहर में शहर की मुख्य सड़के सुनसान रही। हालांकि, पारा 40 डिग्री के आसपास ही रहा।

## तीस साल बाद अप्रैल में 40 से ऊपर नहीं पहुंचा पारा

**मंदसौर, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** अप्रैल माह में 30 साल बाद यह पहला मौका है जब कि पारा 40 डिग्री से उपर नहीं पहुंचा है। इस बार अप्रैल के 28 दिनों में सिर्फ एक बार ही पारा 40 डिग्री के पार पहुंच सका। बादल, बूंदाबांदी और तेज हवा के चलते एक भी दिन लू नहीं चली। जबकि, पिछले साल अप्रैल में 3 दिन लू चली थी। यह 30 साल का सबसे ठंडा अप्रैल रहा है।

अप्रैल का औसत अधिकतम तापमान 38.7 डिग्री है। 27 दिनों में औसत अधिकतम तापमान 37.1 डिग्री रहा। इससे पहले 1994 में औसत अधिकतम तापमान 37.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में प्रति चक्रवाती हवाएं चल रही थीं। हवा में अनिरंतरता ट्रफ लाइन के साथ बनी रही। इस कारण अप्रैल में बादल छाने, बारिश होने और तेज हवा चलने जैसी स्थिति लगातार बनी।

मौसम वैज्ञानिक कहते हैं कि जब तापमान ज्यादा होता है और वातावरण में नमी रहती है तो गरज-चमक वाले बादल (सीबी क्लाउड) बन जाते हैं। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से नमी आ रही थी। इस कारण शहर में सीबी क्लाउड बने।

## कुचड़ोद के सजायाफ्ता कैदी की इंदौर एमवाय में मौत

**मंदसौर, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** केन्द्रीय जैल अधीकक्ष उज्जैन द्वारा बताया गया कि जैल में दण्डित बंदी मन्नालाल पिता भागीरथ उम्र 75 वर्ष निवासी कुचड़ोद थाना अफजलपुर जिला मंदसौर को विगत 8 अप्रैल को जैल चिकित्सक के परामर्श पर इंदौर के एमवाय अस्पताल भेजा गया था। जहां उसे भर्ती कर उपचार दिया जा रहा था। शनिवार 27 अप्रैल को ड्यूटी पर तैनात जैल प्रहरी श्री सन्नी गेहलोद द्वारा रात्रि 1.42 बजे गेट कीपर धर्मसिंह जाटव को सूचना दी गई कि बंदी की रात्रि 1.30 बजे मृत्यु हो गई है।

बंदी की मृत्यु की सूचना जिला दंडाधिकारी इंदौर, एसपी इंदौर, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी इंदौर, जैल मुख्यालय भोपाल, मानवाधिकार आयोग भोपाल, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली और मृतक के परिजनो को दे दी गई है। मृत्यु के संबंध में एमवाय अस्पताल पुलिस चौकी संयोगितागंज छावनी इंदौर में मर्ग कायम कराया गया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश इंदौर से बंदी की मृत्यु के संबंध में न्यायिक जांच कराये जाने हेतु निवेदन किया गया है। इन्क्वेस्ट एवं पोस्टमार्टम के बाद शव बंदी के परिजनो को सौंपा जाएगा। बता दें कि पहले बंदी को मंदसौर जैल में रखा गया था। लेकिन, सजा मिलने के बाद उसे उज्जैन की सेन्ट्रल जैल भेज दिया गया था। जहां उसकी तबीयत बिगड़ने पर एमवाय अस्पताल इंदौर रैफर किया गया था।

## कोर्ट रोड पर चली गोली, इरफान घायल

**मंदसौर, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** शहर के कोर्ट रोड पशुपतिनाथ रोड पर बाइक पर आए दो बदमाशो ने एक युवक को गोली मार दी। गोली युवक की पीठ पर लगी। हालांकि, बड़े अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक की हालत स्थिर बताई गई है।



मिली जानकारी के अनुसार मंदसौर कोर्ट परिसर काश्तकार रेस्टोरेंट से पशुपतिनाथ मंदिर पहुंच मार्ग के बीच स्प्लेंडर बाइक पर आए दो बदमाशो ने इरफान पिता सज्ञाद अली निवासी भेसा पहाड़ से पहले तो पशुपति नाथ मंदिर का रास्ता पूछा और फिर उस पर फायर कर दिया। इरफान की पीठ पर गोली लगी। जिसे तत्काल बड़े अस्पताल ले जाया गया। घायल का बड़े अस्पताल में उपचार जारी है।

सूत्रों के अनुसार दो आरोपी बताए जा रहे है जो बिना नंबर की स्प्लेंडर बाइक से आए थे। बताया जा रहा है की कोई पुरानी रंजिश में गोली चालन किया गया है। मामले में पुलिस ने फिलहाल अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 307, 34 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की है।

## पिकअप की टक्कर से बाईक सवार महिला की मौत

**शामगढ़, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** नगर के मुजावदिया पेट्रोल पंप के सामने एक पिकअप ने बाईक को टक्कर मार दी। जिससे बाईक पर पीछे बैठी महिला की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु की है।

मिली जानकारी के अनुसार पिकअप क्रमांक एमपी 14 जेड ई 2058 ने बाईक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाईक पर पीछे बैठी महिला गोविंद बाई निवासी रेहठरी थाना सुवासरा की मौत हो गई। जिसके शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनो के सुपुर्द किया गया है। इधर पिकअप सवार करीब 4 लोग पिकअप को मौके पर ही छोड़कर भाग निकले। मामले में पुलिस जांच जारी है।



## जीआरपी ने ट्रेन से पकड़ा डोडाचूरा, रिमांड पर आरोपी

**सुवासरा, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** रेलवे की जीआरपी ने इंदौर - जोधपुर एक्सप्रेस के जनरल कोच से 20 किलो डोडा चूरा जप्त किया है।

दरअसल जीआरपी को मुखबीर सूचना मिली थी की दो व्यक्ति डोडा चुरा ले जा रहे हैं। जब जीआरपी टीम पहुंची तो एक आरोपी भाग गया। मौके पर मिले आरोपी विक्रम सिंह पिता विजय सिंह निवासी खंडिया सुवासरा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी विजय सिंह सोंधिया पुलिस को देख डिब्बे से कूद कर फरार हो गया। जीआरपी ने आरोपी विक्रम सिंह को न्यायालय में पेश किया कहां से उसे 29 अप्रैल तक पुलिस रिमांड पर सौंपा गया। बता दे की आरोपी के कब्जे से 20 किलो डोडाचूरा मिला था।

## बोलेरो- ट्रेक्टर ट्राली से 160 किलो डोडाचुरा जप्त, दो आरोपी गिरफ्तार



**मंदसौर, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** वायडी नगर पुलिस ने एक बोलेरो और एक ट्रैक्टर ट्राली से 160 किलो डोडाचूरा बरामद किया है। दोनो आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से 30 अप्रैल तक पुलिस रिमांड पर सौंपा गया है।

पुलिस के मुताबिक 28 अप्रैल रविवार को सउनि मोहन सिंगार को गुराडिया देदा - रलायता रोड पर से सफेद रंग की बोलेरो वाहन का पीछा करते मौके पर सफेद रंग की बोलेरो वाहन एवं एक नीले रंग के ट्रेक्टर ट्राली से 04-04 कट्टो मे भरे अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा कुल 160 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा किमती 3 लाख 20 हजार रुपये का जप्त किया गया। मामले में मुल्तानपुर निवासी सैफ अली तथा देवराम भील को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना वायडी नगर पर अपराध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

#### दूध डेयरी पर हाली है देवराम...

मामले में आरोपी देवराम गुराडिया के एक पाटीदार के यहां हाली का काम करता है। वह पशुओं के दूध निकालने, उनको रचका बाटा डालने, पानी पिलाने का काम करता रहा है। बताया जावरा है की ट्रैक्टर भी पाटीदार का है।

#### बोतलगंज की है बोलेरो...?

जानकारों की माने तो बोलेरो वाहन पिपलिया मंडी थाना क्षेत्र के बोतालगंज का बताया जा रहा है। यह किसी बबलू की गाड़ी होना बताया गया है।

### 6 पेटी शराब जप्त आरोपी गिरफ्तार

**पिपलियामंडी, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने 6 पेटी देशी शराब सहित एक आरोपी को पकड़ा। मुखबिर की सूचना पर पिपलिया पुलिस ने सनावदा-लालपुरा बार्डर पर पुलिया के पास प्लास्टिक कट्टा लेकर खडे व्यक्ति को पकड़ा। तलाशी के दौरान 6 पेटी देशी प्लेन शराब जिसमें 300 क्वार्टर मिले। पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपी काचरिया चन्द्रावत निवासी गणपत पिता कारुलाल बावरी को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया।

## 10वीं-12वीं की पूरक परीक्षाएं 8 जून से

**मंदसौर, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा हाईस्कूल व हायर सेकंडरी की पूरक परीक्षाएं 8 जून से कराई जाएंगी। यह परीक्षाएं सुबह 8 बजे से 11 बजे तक होंगी। पूरक परीक्षा के लिए आवेदन विद्यार्थी एक मई से कर सकेंगे।

जिला शिक्षा विभाग द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मण्डल द्वारा हायर सेकंडरी की पूरक परीक्षाएं 8 जून से और हाईस्कूल की पूरक परीक्षाएं 10 जून से शुरु होंगी। परीक्षा का समय सुबह 8 से 11 बजे तक रहेगा। यह परीक्षा मंडल द्वारा तय किए गए निर्धारित परीक्षा सेंटरों पर कराई जाएंगी। पूरक परीक्षा के लिए विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र 1 जून से ऑनलाइन माध्यम से ही प्राप्त किए जा सकेंगे। बता दें कि हाईस्कूल व हायर सेकंडरी परीक्षा का रिजल्ट 24 अप्रेल को घोषित किया गया था।

**प्रति विषय परीक्षा शुल्क 500 रुपए**–पूरक परीक्षा के लिए प्रति विषय परीक्षा का शुल्क 500 रुपए निर्धारित किया गया है। ऑनलाइन संचालक को देय शुल्क 25 रुपए निर्धारित किया गया है। वहीं पूरक परीक्षा में शामिल होने वाले सभी परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र एक जून से ऑनलाइन के माध्यम से प्राप्त किए जा सकेंगे।

## आम चुनाव में एआई की एंट्री

### भाजपा का फोकस आईटी सेल पर, कांग्रेस काफी पिछे




**मंदसौर, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** चुनावों का दौर हो या फिर सामान्य दिन सभी राजनीतिक दल सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के माध्यम से अपनी बात जनता तक पहुंचाने की हर संभव कोशिश करता है। खासकर भाजपा और कांग्रेस जैसे बड़े राजनीतिक दलों का ध्यान इस तरफ रहता ही है। मंदसौर की बात करें तो चुनाव प्रचार के दौर में भाजपा की आइटी सेल सक्रिय हो चुकी है। इस पर भाजपा ने विशेष ध्यान दिया है। एआई के जरिए वीडियो आदि प्रचार सामग्री का उपयोग शुरू कर दिया है। कांग्रेस ने आइटी सेल बनाई है। लेकिन, फिलहाल भाजपा से कांग्रेस की आईटी सेल पिछे नजर आ रही है।

बता दें कि आइटी सेल का चुनावों के समय सबसे ज्यादा महत्व होता है। पार्टी की हर गतिविधि, बैठक, प्रचार, अपने नेताओं के भाषण, पार्टी के स्लोगन, पार्टी के बड़े नेताओं की बातें सोशल मीडिया के जरिए ज्यादा लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाता है। उम्मीदवार के फोटो के साथ एआई एप के जरिए वीडियो व पाडक़ास्ट जारी किए जा रहे है।

#### युवाओं पर फोकस...

सोश्यल मीडिया और आइटी के मामले में कौन कितना आगे रहता है, यह उनकी टीम पर निर्भर करता है। इन टीमों का सबसे बड़ा फोकस युवा वर्ग पर रहता है। युवा वर्ग इस समय सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा सक्रिय रहता है और राजनीतिक दल इसका फायदा उठाने का प्रयास करते है।

#### इन पर रहता है खास जोर...

सोशल मीडिया के रूप में इस समय वाट्सएप, फेसबुक, एक्स और इंस्टाग्राम आदि प्लेटफार्म का उपयोग प्रचार में ज्यादा हो रहा है। इंस्टाग्राम-फेसबुक पर इन दिनों रील बनाकर डालने का भी चलन जोरों पर है, जिसे युवा पसंद कर रहे हैं।

## अवैध व्यवसायिक भवन में आग, मशक्कत के बाद पाया काबू





**मंदसौर, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** शहर के महाराणा प्रताप बस स्टेण्ड के समीप स्थित विमल पामेचा भवन में रविवार अपरान्ह आग लग गई। जिसका धुआं पूरी बिल्डिंग में फैल गया। रविवार होने के बावजूद बिल्डिंग में स्थित कई बैंको व अन्य कार्यालयो में कई लोग काम कर रहे थे। जिन्हें बमुश्किल निकाला गया।

भवन के इन्वर्टर कक्ष में आग लगने से धुंआ पूरी बिल्डिंग में फैल गया। जिससे अफरा तफरी मच गई। समय रहते तत्काल आस-पड़ोस के लोगो ने पुलिस व फायर फायटर को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची फायर फायटरी की टीम ने आग पर काबू पाया। संसाधनो की कमी के चलते बिल्डिंग में फंसे लोगो को निकालने में काफी परेशानियो का सामना करना पड़ा।

मौके पर मौजूद अभिभाषक पुखराज दशौरा सहित अन्य लोगो ने पहले फायर फायटर की सीढ़ी को जोड़कर तीसरे माले तक पहुंचाया और भवन में मौजूद युवक-युवतियो को नीचे उतारा। लेकिन, सीढ़ी कमजोर होने के कारण बाद में मौके पर एक बस को बुलाया गया। बस के उपर सीढ़ी लगाकर लोगो को नीचे उतार गया। भवन में फैले धुएं के कारण वहां मौजूद कर्मचारियो को घुटन होने लगी। जिसके चलते भवन की खिड़कियो के कांच भी फोड़ने पड़े। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो इस भवन में एचडीबी व आईसीआईसीआई बैंक कार्यालय व एटीएम मशीनो को भी बड़ा नुकसान होन की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। प्रथम दृष्टया माना जा रहा है कि बिल्डिंग के पीछे कौने में स्थित इनवर्टर रूम में शार्ट सर्किट से आग लगी है। फिलहाल अधिकारी जांच की बात कह रहे है।

#### धरे रह गए सुरक्षा इंतजाम...

कमर्शियल बिल्डिंग निर्माण के समय नगर पालिका और टीएनसी कागजो में सुरक्षा के कई तरह के प्राावधान रखती है। लेकिन, उनकी जांच नहीं करने के एवज में दोनो निकाय मोटी रकम वसूलते है। यही कारण है कि जब आवश्यक उपकरणो की जरूरत पड़ती है तो वे या तो मिलते नहीं है या फुस्सी साबित होते है। ऐसे में तत्कालीन समय पर अनुमति देने वाले जिम्मेदारो पर कड़ी कार्यवाही की जाए तो भविष्य में ऐसी घटनाओ की पुनरावृत्ति नहीं हो। ऐसा माना जा सकता है।

#### विधायक जैन पहुंचे मौके पर...

आगजनी की सूचना मिलने पर विधायक विपिन जैन मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। नगर पालिका का फायर फायटर समय पर नहीं पहुंचने पर नाराजगी भी जताई। उन्होंने सीएमओ सुधीरसिंह से कहा कि नगर पालिका अपनी व्यवस्थाएं सुधारे। क्योंकि गरमी के दिनो में प्रतिवर्ष आगजनी की घटनाएं होती है। ऐसे में महाराणा प्रताप बस स्टेण्ड जो कि शहर के मध्य स्थित है, वहां अगर फायर फायटर आधा घंटे नहीं पहुंचती है तो नगर के अन्य दुरस्थ क्षेत्र में आग लगने की घटना पर कैसे काबु पाएंगे।

#### पूर्व विधायक सिसौदिया ने माना आभार...

महाराणा प्रताप बस स्टेण्ड पर हुई आगजनी के घटना को लेकर पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह सिसौदिया ने जानकारी ली और समय पर तत्परता दिखाते हुए आगजनी की घटना रोकने में सहयोग देने वाले आमजन का आभार व्यक्त किया। श्री सिसौदिया ने कहा कि समय पर जनसहयोग और अन्य जिम्मेदार विभाग के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया। किसी प्रकार की कोई हानि नहीं हुई। कांच फोड़कर धुएं को क्रास कर दिया गया। जिससे किसी बड़ी घटना ने जन्म नहीं लिया। तत्परता से सहयोग करने वाले सभी जन सामान्य और जिम्मेदारो के प्रति आभारी हूं।

## विधानसभावार गठित मतदान दलों एवं वीडियोग्राफरों का प्रशिक्षण कल

**मंदसौर, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** नोडल अधिकारी प्रशिक्षण ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 अनुपस्थित (होम टू होम) आवश्यक सेवाओं श्रेणी वाले मतदाताओं को डाक मत पत्र से मतदान कराए जाने हेतु विधानसभावार गठित मतदान दलों एवं वीडियोग्राफर का प्रशिक्षण30 अप्रैल 2024 को कुशाभाऊ ठाकरे प्रेक्षागृह मंदसौर में प्रात: 11:00 बजे आयोजित होगा।

**माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण कल**–नोड्ल अधिकारी प्रशिक्षण ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के संबंध में माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण 30 अप्रैल 2024 को सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में शासकीय महाविद्यालय कुशाभाऊ ठाकरे प्रेक्षागृह मंदसौर में दोपहर 2:00 बजे आयोजित होगा।

### वोटर स्लिप के साथ आइडेंटी कार्ड लाना जरूरी

**मंदसौर, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा बताया गया कि निर्वाचन आयोग ने निर्देश दिए हैं कि मतदान केंद्र पर मतदाताओं की पहचान के लिए मतदाता पहचान पत्र के अलावा 12 दस्तावेजों निर्धारित किये गए है। इन दस्तावेजों में से कोई सा भी एक दस्तावेज़ होने पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। इन दस्तावेजों के अंतर्गत मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त पासबुक, पेंशन दस्तावेज(फोटो सहित), स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, स्मार्ट कार्ड, सेवा पहचान पत्र, आधिकारिक पहचान पत्र एवं दिव्यांगि यूनिक आईडी को शामिल किए गए हैं। इनमें से कोई सा भी एक दस्तावेज़ होने पर आपको अपने मत का प्रयोग करने से कोई भी नहीं रोक सकता है, तो आओ हम सब मिलकर एक मजबूत लोकतंत्र को बनाने के लिए सभी मतदान करें।



# मतदान नही करने का खामियाजा आने वाली पीढ़ी को भुगतना पड़ता है-अग्रवाल

### अभा मारवाड़ी युवा मंच ने शत प्रतिशत मतदान की शपथ ली

**मंदसौर, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच शाखा मंदसौर परिवार ने आने वाले लोकसभा चुनाव में मंदसौर संसदीय क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान हो इस हेतु शपथ ली और संसदीय क्षेत्र में मंच की इकाइयों के माध्यम से आमजन को अधिक से अधिक मतदान करने हेतु प्रेरित करने का जिम्मा लिया। मतदान की शपथ मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री नरेंद्र अग्रवाल ने दिलवाई।

इस अवसर पर पूर्व उपाध्यक्ष श्री नरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि मतदान व्यक्ति का अपना अधिकार होता है व्यक्ति को जागरुक होकर अपना मतदान अवश्य करना चाहिए। अच्छी सरकार और अच्छे जन नेता को चुनने के लिए आपका एक-एक मत कीमती होता है। यदि आप आलस खा जाते हैं और मतदान नहीं करते हैं तो उसका खामियाजा हमें और हमारे आने वाली पीढ़ी को भुगतना पड़ता है। आपका एक मत से एक अच्छा व्यक्ति चुना जाता है और यदि आप मत नहीं देते हैं तो हो सकता है जिसे आप चुनना नहीं चाहते थे वही व्यक्ति चुनाव जीत जाता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने मतदान का प्रयोग अवश्य करना चाहिए मंदसौर संसदीय क्षेत्र में 13 मई को मतदान है। मारवाड़ी युवा मंच परिवार को अपने-अपने क्षेत्र और मोहल्ले में आमजन को मतदान हेतु जागृत करना चाहिए और उन्हें मतदान के दिन अपने घरों से मतदान के लिए भेजना चाहिए। मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व अध्यक्ष श्री नरेंद्र त्रिवेदी ने कहा कि मतदान से बढ़कर अन्य कोई दान हो नहीं सकता है। जिस प्रकार से रक्तदान को दान की संज्ञा दी गई है इस प्रकार मतदान को भी दान की संज्ञा के रूप में बताया गया है। आपके एकमत से एक अच्छा जन नेता चुनकर आ सकता है। और वह 5 साल तक आपके क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को दूर करने में अहम भूमिका निभा सकता है। मंदसौर शाखा अध्यक्ष दिलीप सेठिया ने कहा कि हमें 13 मई को सबसे पहले सब काम छोड़कर अपना मत देने जाना है उसके लिए मारवाड़ी मंच परिवार पूरी तरह कृत संकल्पित है आप और हम सबको मिलकर मंदसौर संसदीय क्षेत्र में रिकॉर्ड मतदान करवाना है। जिससे देश में मंदसौर संसदीय क्षेत्र का नाम सर्वाधिक मतदान करने वाले क्षेत्र के रूप में जाना जा सके। इस अवसर पर सर्व श्री विश्व मोहन अग्रवाल, सौरभ सोमानी, अनिल अग्रवाल, चंद्रशेखर नागदा ,मनीष जैन, गणेश सोनगरा , अंकुश पालीवाल ,संजय दोषी ,पंकज मित्तल ,कुलदीप सोमानी, रवि अग्रवाल, अंकित छाजेड, सहित बडी संख्या में मारवाड़ी मंच परिवार के सदस्य गण उपस्थित थे।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की जिला बैठक सम्पन्न



**मंदसौर, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष श्री नानालाल अटोलिया के निर्देशानुसार मंदसौर संसदीय क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री सुधीर गुप्ता को विजय दिलाने के लिए भाजपा जिला कार्यालय में जिला अल्प संख्यक मोर्चा मंदसौर की जिला एवं मंडल की एक बैठक भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं अल्प संख्यक मोर्चा जिला मंदसौर प्रभारी श्री हिम्मत डांगी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वक्फ बोर्ड जिला मंदसौर के अध्यक्ष श्री अमजद पठान (सुवासरा), भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मध्य प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा लोकसभा क्षेत्र मंदसौर प्रभारी श्री इब्राहिम शेरानी ( रतलाम ) एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा लोकसभा क्षेत्र सह प्रभारी श्री शाकिर हुसैन गढवी की उपस्थिति में हुई।

इस बैठक को संबोधित करते हुए श्री हिम्मत डांगी ने कहा कि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा का अभिन्न अंग है और मुस्लिम समुदाय भारतीय जनता पार्टी की कल्याणकारी योजनाओं का पूर्ण रूप से लाभ उठाते हुए भाजपा से जुड चुका है हमें कांग्रेस के झूंठे अनर्गल भ्रामक प्रचार प्रसार जाल को तोड़ते हुए मुस्लिम समुदाय के अधिक से अधिक मत प्राप्त कर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री सुधीर गुप्ता की जीताना है। श्री इब्राहिम शेरानी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रहित एवं जनहित योजनाओं ने जहां राष्ट्र को सशक्त बनाते हुए विश्व में भारत का मान बढ़ाया है वहीं देश की गरीब पिछडी जनता के जीवन को सहज सरल सुखमय सबका साथ सबका विकास की भावना केसाथ बिना किसी भेदभाव के बनाया है इसलिए हमें मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों से हमारी पार्टी भाजपा के लिए अधिक से अधिक मत प्राप्त कर मोदी की सरकार बनाना। इस अवसर पर श्री अमजद पठान एवं श्री शाकिर हुसैन गढ़वी ने भी अपने विचार रखते हुए अल्प संख्यक मोर्चा के पदाधिकारीगण-कार्यकर्तागण से अनुरोध किया की अपने समाज के के घर-घर दस्तक देकर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में 13 मई को वोटिंग करवा कर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री सुधीर गुप्ता की जीताने अपने दायित्व का निर्वहन करना है। इस बैठक में अपेक्षित श्रेणी के अल्पसंख्यक मोर्चे के जिला एवं मंडल के ज्येष्ठश्रेष्ठपदाधिकारीगण-कार्यकर्तागण सम्मिलित हुए।

# जबलपुर सहित पांच जिलों में ओले गिरने का अलर्ट जारी, दो दिन बारिश के बाद फिर बढ़ेगी तपिश

**जबलपुर, 28 अप्रैल।** एमपी में मौसम की अठखेलियां जारी है, कहीं बारिश तो कहीं ओले या बारिश। अब प्रदेश के जबलपुर सहित मंडला, डिंडौरी, बैतूल व शहडोल में ओले व बारिश का अलर्टजारी किया गया है। यहां पर गरज-चमक के साथ बारिश होने के आसार है, वहीं 50 किलोमीटर की गति से हवा चल सकती है।

मौसम विशेषज्ञों की माने तो अभी एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है, साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम व ट्रफ लाइन भी गुजर रही है। जिसके चलते प्रदेश में बारिश का मौसम बना हुआ है। जो 29 अप्रैल तक चलता ही रहेगा। ऐसा कहा जा रहा है कि अब जबलपुर, मंडला, डिंडौरी, बैतूल व शहडोल में ओले व बारिश का अलर्ट जारी किया गया है, यहां गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने के आसार है। देवास व रायसेन के पूर्वी हिस्से में भी मौसम बदला रहेगा। आज सुबह से भोपाल में धूप व बादल हैं। नर्मदापुरम, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्ना, नरसिंहपुर, बालाघाट, अनूपपुर के अमरकंटक, दमोह, कटनी, उमरिया, सीधी, सिंगरौली, खंडवा के ओंकारेश्वर और खरगोन के महेश्वर में भी मौसम बदला हुआ है। प्रदेश के पश्चिमी हिस्से मालवा-निमाड़, ग्वालियरए चंबल में गर्मी का असर है। गौरतलब है कि देर शाम खंडवा के खैगांवड़ा पंधाना क्षेत्र में तेज हवा के साथ बारिश हुई। इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने से पंचायत सचिव लछीराम पटेल व किसान तिलकचंद पटेल की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ है जब दोनों मोटर साइकल से अपने घर आ रहे थे। हादसे के बाद गांव में मातम छा गया, जिसने भी सुना स्तब्ध रह गया।



## कन्या उमावि में कबड्डी प्रतियोगिता सम्पन्न

**मनासा, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप प्लान के तहत आयोजन किया गया मध्य प्रदेश निर्वाचन आयोग वह जिला कलेक्टर श्री दिनेश जैन के निर्देशन अनुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री सी के शर्मा और जिला खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा के मार्गदर्शन में मानस कन्या उच्तर माध्यमिक विद्यालय कबड्डी खेल का आयोजन किया गया। एवं 18 वर्षीय की आयु पूर्ण कर चुके मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूकता लाने हेतु युवाओं को प्रेरित किया गया इस अवसर पर उत्कृष्टविद्यालय व्यायाम शिक्षक श्री रुपेश मंडे कन्या उचतर माध्यमिक विद्यालय व्यायाम शिक्षक श्री रामकुमार बागवान सीएम राइज स्कूल मानसा व्यायाम शिक्षक श्री दिनेश धाकड राकेश विजयवर्गीय ,स्वदेश भट्टआदि उपस्थित रहे। ओके जानकारी ब्लॉक समन्वयक खेलो कल्याण विभाग दिलीप वर्मा ने दी।

## हुकुम जैन काका पुन: बने अतिशय क्षेत्र कैथुली के अध्यक्ष

**भानपुरा, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** अतिशय क्षेत्र कैथुली की प्रबंध कार्यकारिणी के चुनाव निर्विघ्न संपन्न हो गए।यह चुनाव निर्वाचन अधिकारी श्री रविंद्र जैन हरसोरा की उपस्थिति में संपन्न हुए। समस्त प्रबंध कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। चुनाव से पूर्व सभी सदस्य पारस बाबा के चरणों में पहुंचे एवं नमन किया। उसके बाद निर्वाचन की प्रक्रिया को शुरू किया गया। निर्वाचन की प्रक्रिया की शुरुआत में अध्यक्ष के नाम का प्रस्ताव क्षेत्र कमेटी के संरक्षक सिद्धार्थ बाबरिया ने हुकुम काका के नाम का प्रस्ताव रखा जिसे सभी ने करतल तालिया के साथ अनुमोदन किया। उसके उपरांत क्षेत्र कमेटी में सक्रिय भूमिका निभाने वाले



श्री सुरेश कुमार बाबरिया ने समस्त कार्यकारिणी का प्रस्ताव रखते हुए कार्यअध्यक्ष सुनील सुरलाया, कोषाध्यक्ष सुनील दुगेरिया, सचिव मनीष हरसोरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रितेश ठाई, सहसचिव प्रशांत बागडिया के नामों को प्रस्तावित किया। जिसका सभी ने ताली बजाकर अनुमोदन किया। उसके उपरांत मौजूद वरिष्ठसदस्यों ने समस्त सदस्यों की उपस्थिति में माला एवम पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। सभी कार्यकारिणी ने एवं मौजूद सदस्यों ने क्षेत्र को उन्नति की ओर ले जाने एवं धर्म प्रभावना के लिए संकल्प दोहराया इसके बाद सभी कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। अध्यक्ष श्री काका ने पुन: विश्वास जताने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। सभी सदस्य कार्यकारिणी के साथ पारसनाथ भगवान के चरणों में पहुंचे एवं बाबा के चरणों में नतमस्तक होकर क्षेत्र के मंगल विकास की कामना की।

## व्यय प्रेक्षक दास ने चेकपोस्ट का अवलोकन किया

**नीमच, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मन्दसौर संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री एस.एस.दास ने रविवार को नीमच जिले के मनासा में स्थापत कन्ट्रोल रूम सी-विजल सिंगल विन्डों सिस्टम एवं अकाउटिग शाखा का निरीक्षण कर निर्वाचन व्यय निगरानी शिकायतों के निराकरण एवं सूचनाओं शिकायतों को प्राप्त करने की प्रक्रिया और प्राप्त शिकायतों के सबंध में उनके निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। व्यय प्रेक्षक श्री दास ने भाटखेडी चेक्रिंग पाईट ,कुंडालिया चेक्रिंग पाईट पर एस.एस टी एवं एफ.एस.टी द्वारा की जा रही वाहनों की चेक्रिग के कार्य का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश भी दिये।इस मौके पर एसडीएम श्री पवन बारिया एवं अन्य् अधिकारी उपस्थित थें।



## सिद्दीकी ने मतगणना केंद्र एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**नीमच, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग के मंदसौर संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त जनरल आब्जर्वर श्री अबू बक्कनर सिद्दीकी पी. ने रविवार को लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत नीमच में 4 जून 2024 को होने वाली मतगणना के लिए प्रस्तावित मतगणना केंद्र शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नीमच के परिसर एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत विधानसभा क्षेत्र नीमच के लिए कॉलेज के पुराने भवन में स्ट्रांग रूम एवं गणना कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होने कॉलेज के नये भवन में वि.स.क्षेत्र मनासा एवं जावद के स्ट्रां ग रूम एवं मतगणना कक्षों का अवलोकन भी किया। प्रेक्षक ने मतगणना केंद्र पर आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में सम्बंधितों को आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होने मतगणना स्थल पर प्रस्तावित वाहन पार्किग स्थंल, मतगणना केंद्र पर प्रवेश एवं निकासी की व्यवस्था, बेरिकेटिंग्स की व्यवस्था, स्ट्र्ाग रूम की सुरक्षा व्यवस्था आदि का जायजा लिया। इस मौके पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद, एसडीएम श्री राजेश शाह, श्री पवन बारिया, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव साहू, डिप्टी कलेक्ट र श्री चंद्रसिह धार्वे, सहित लोक निर्माण कार्यपालन यंत्री श्री महेन्द्र सिह चौहान व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## घाटी में पहाड़ों पर भारी हिमपात

**श्रीनगर, 28 अप्रैल।** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग, मुगल रोड, किश्तवाड़, डोडा समेत सभी उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी व कई निचले क्षेत्रों में वर्षा का सिलसिला दिनभर जारी रहा। जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर रामबन जिला में कई जगह पहाड़ से पत्थर गिरने व भूस्खलन होने से यातायात कई बार रोकना पडा। इससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंबा जाम भी लगा रहा। यातायात विभाग ने जम्मू से श्रीनगर के बीच यात्रा करने वालों को सफर शुरू करने से पहले हाईवे की स्थिति की जानकारी लेने की सलाह दी है। वहीं, जम्मू संभाग को कश्मीर संभाग से पुंछ जिले के रास्ते जोड़ने वाला मुगल रोड भी बर्फबारी के चलते यातायात के लिए बंद हो गया है। कई जगह हिमपात, हिमस्खलन और भूस्खलन से करीब 50 वाहन फंस गए, जिन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया। उधर, किश्तवाड़ से अनंतनाग को जोड़ने वाला संतन टॉप मार्ग पहले से बंद है। मौसम को देखते हुए किश्तवाड़ जिले में स्कूल बंद रखे गए। ताजा वर्षा व बर्फबारी से तापमान में गिरावट आने से कश्मीर एक बार फिर ठंड की चपेट में है। लोगों को फिर से गर्म कपड़े पहनने तथा गर्मी पहुंचाने वाले उपकरणों का सहारा लेना पड़ रहा। मौसम विभाग ने 30 अप्रैल तक कश्मीर में पहाड़ों पर बर्फबारी व वर्षा की संभावना जताई है।

# टैक्स बार एसोसिएशन के चुनाव संपन्न

### पारिख अध्यक्ष एवं जैन सचिव मनोनीत



**मंदसौर, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर टैक्स बार एसोसिएशन की सत्र 2024-25 की नई कार्यकारिणी के गठन हेतु नॉमिनेशन कमेटी की बैठक एसोसिएशन संरक्षक श्री शांतिलाल डोसी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें एसोसिएशन के आगामी वर्ष हेतु अध्यक्ष कर सलाहकार श्री मुकेश पारिख, सचिव सीए आयुष जैन, उपाध्यक्ष श्री अशोक पाटनी, कोषाध्यक्ष सीए अर्पित नागदा, सह सचिव सीए सत्यनारायण काला, स्वागत समिति अध्यक्ष जितेंद्र मित्तल, स्वागत समिति सदस्य सीए सिद्धार्थ अग्रवाल और कविता मिनडा, लाइब्रेरियन मनीष मित्तल को मनोनीत किया। नवीन अध्यक्ष मुकेश पारिख सहित नवीन कार्यकारिणी को संस्था सदस्यों ने बधाई व शुभकामनाएं दी है। यह जानकारी वर्तमान अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार राणावत ने दी।

## गुजरात तट पर 600 करोड़ से ज्यादा की ड्रग्स के साथ 14 पाकिस्तानी स्मगलर गिरफ्तार



**अहमदाबाद, 28 अप्रैल।** गुजरात के तटीय इलाके से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने शक के बिनाह पर एक ऑपरेशन चलाया, जिसमें उन्हें बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। इस ऑपरेशन में एटीएस और एनसीबी ने 14 पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 86 किलोग्राम ड्रग्स मिले हैं। इसकी कीमत 602 करोड़ बताई जा रही है।

**दो दिन से चल रहा था ऑपरेशन**–मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एटीएस की मौजूदगी की भनक लगते ही 14 पाकिस्तानी नागरिकों ने अपनी नाव से भागने की कोशिश की. इस दौरान उन्होंने एटीएस पर खुली फायरिंग शुरू कर दी। मगर एटीएस ने सभी को धर दबोचा. बता दें कि सुरक्षा एजेंसियों को भारतीय समुद्री बॉर्डर के आस-पास ड्रग्स सप्लाई होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां फौरन एक्शन मोड में आ गईऔर वो पिछले दो दिनों से गुजरात के तटीय इलाकों में ऑपरेशन चला रही हैं। ऐसे में रविवार की सुबह उन्होंने 14 पाकिस्तानी नागरिकों को ड्रग्स के साथ पकड लिया है।

## मल्हारगढ़ में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत कलश यात्रा निकाली

**मंदसौर, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टरर श्री दिलीप कुमार



यादव एवं स्वीप नोडलएवं सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम के निर्देशन में जिले में मतदाता जागरूकता की विभिन्न गतिविधियां आयोजित हो रही है। इसी क्रम में आज मल्हामरगढ में मतदाता जागरूकता अंतर्गत कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गयी। यात्रा में मतदाता जागरूकता के नारे भी लगाये गये। कलश यात्रा के समापन के पश्चानत मतदाताओं को मतदान के शतप्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गयी।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रामपुरा के पेट्रोल पम्प की अनूठी पहल...

## मतदान कर निशान दिखाएं, पेट्रोल डीजल पर दो रु.लीटर की छूट पाये

**नीमच, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले में शत प्रतिशत मतदान करवाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कलेक्टर श्री दिनेश जैन, एसपी श्री अंकित जयसवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरु प्रसाद, मनासा एसडीएम श्री पवन, बारिया, एसडीओपी श्री विमलेश उइके एवं संहायक संचालक जनसंपर्क श्री जगदीश मालवीय आदि अधिकारियों ने मतदाता जागरूकता अभियान को गति प्रदान करने के लिए गतदिनों रामपुरा क्षेत्र का भ्रमण कर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में रामपुरा के रियल पेट्रोलियम द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एक अनूठी पहल की गई है। इसके तहत जो भी मतदाता 13 मई को मतदान करेगा, वह मतदान करने का निशान दिखाकर, पेट्रोल- डीजल पर दो रुपये प्रति लीटर की छूट प्राप्त कर सकेगा। यहां पहुंचे कलेक्टर जैन व एसपी जायसवाल का देवेन्द्र जैन, अमन जैन, रवि पोखरणा ने स्वागत किया।



### मतदान करो



सुशासन का मंत्र
मजबूत प्रजातंत्र
प्रतिनिधियों का
मत से चुनाव करो।
चुनाव चरण दूसरा
सब लगाओ ध्यान
प्रदेश में आठ प्रतिशत
कम हुआ मतदान।
नहीं दिया मत तो
व्यर्थ मताधिकार
देश हित का भी
कुछ तो ध्यान करो।
मतदान करो
मतदान करो।

**नंदकिशोर राठोर, मंदसौर**

# परशुराम सेना की बैठक संपन्न

**मनासा, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भगवान परशुराम के जन्मोत्सव आयोजन को लेकर सकल ब्राह्मण समाज परशुराम सेना मनासा तहसील के सदस्यों को सूचित किया जाता है की आगामी 10मई को हमारे आराध्य देव भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव आयोजन को भव्य रूप मे मनाया जाना है। आयोजन की तैयारीयों को लेकर आज परशुराम सेना की एक बैठक आहूत की गई। जिसमे समाज के वरिष्ठजन ने निर्णय लिया गया की पहले चल समारोह ओर पश्चात 10वी 12वीओर कॉलेज के अच्छे नंबर से उत्तीर्ण विद्यार्थियों का सम्मान किया जावेगा। फिर समाज जनो के उद्बोधन के बाद सहभोज का आयोजन करके के जन्मोत्सव कार्यक्रम को विराम दिया जावेगा। उक्त बैठक मे परशुराम सेना के संरक्षक सुनील यजुर्वेदी, अजय तिवारी, मोहित भट्ट, गरीश भट्ट, संजय व्यास, हेमंत शर्मा, महेश पंचारिया, पप्पू पालीवाल, लाला नागदा, महेंद्र उपाध्याय, रवि उपाध्याय , पंकज शर्मा, मुनेन्द्र शास्त्री, प्रवीण भट्ट, मंगल नागदा, दशरथ नागदा, कैलाश जोशी, राहुल नागदा, जीतू उपाध्याय, मुकेश पुरोहित, मन्ना गुरु , अंकित भट्ट आदि समाज जन मौजूद थे।



## ईपीएस 95 संगठन पेंशनरों की बैठक आज

**नीमच, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिला सहकारी पेंशनर बैंक व ई.पी.एस 95 राष्ट्रीय संघर्ष के संयुक्त तत्वाधान में आज 29 अप्रैल सोमवार दोपहर 1 बजे क्षेत्रीय कार्यालय नीमच पर बैठक राष्ट्रीय संघर्ष समिति अध्यक्ष बृजेन्द्र प्रसाद शर्मा, संभाजी राव जाधव की अध्यक्षता में रखी गई है। बैठक ई.पी.एस कर्मचारीयों के संबंध व समस्याओं के बारे में चर्चा कर निराकरण के लिए समाधान किया जाएगा। साथ ही आगामी मतदान के लिए प्रेरित कर शपथ दिलाई जाएगी ताकि सभी पेंशनरसाथीं परिवार सहित अधिक से अधिक मतदान करें। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी इलियास कुरैशी ने दी।

# प्रेक्षक सिद्दीकी की मौजूदगी में मतदान दलों एवं माइक्रो आब्जर्वर का विधानसभावार रेंडमाइजेशन सम्पन्न

**नीमच, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 मंदसौर के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री अबू बक्कर सिद्दीकी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद एवं सहायक रिटर्निंग आफिसरों की मौजूदगी में मतदान दलों एवं माइक्रो आब्जर्वर का विधानसभावार रेंडमाइजेशन किया गया। नीमच जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों के लिए 743 मतदान दल कर्मियों का एवं माइक्रो आब्जर्वर का रेंडमाइजेशन किया गया। इसमें 10% रिजर्व कर्मचारी भी शामिल है। नीमच विधानसभा क्षेत्र में 277, मतदान केंद्रों के लिए 277, मतदान दल बनाए गए हैं। जिसके लिए मतदान कर्मियों का रेंडमाइजेशन किया गया। वहीं जावद विधानसभा क्षेत्र में 318 मतदान केंद्रों के लिए 318 मतदान दल बनाए गए हैं। जिसके लिए मतदान कर्मियों का रेंडमाइजेशन किया गया। मनासा विधानसभा क्षेत्र में 248 मतदान केंद्रों के लिए मतदान दल बनाए गए हैं। जिसके लिए मतदान कर्मियों का रेंडमाइजेशन किया गया। जिले में कुल 743 मतदान केंद्र है, इनमें 25 पिंक, महिला मतदान केंद्र 385, मिश्रित महिला-पुरूष मतदान केंद्र एवं 333 पुरूष मतदान केंद्र शामिल है। जिले में कुल 150 क्रिटिकल मतदान केंद्र है। रेडमाईजेशन एनआईसी कक्ष नीमच में हुआ। इस मौके पर एसडीएम श्री राजेश शाह, जावद श्री पवन बारिया, मनासा डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्रसिह धार्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव शाहू, डीआईओ एनआईसी श्री योगेश जैन, जिला आबकारी श्री आर.एन.व्यास भी उपस्थित थे।





## नालछा माता में भंडारा

श्री नालछा माता मंदिर परिसर में रविवार को कन्या पूजन के साथ भंडारा शुरु हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में लोगो ने प्रसादी ग्रहण की।

# सांसद गुप्ता ने संसदीय क्षेत्र के सूखेड़ा मंडल में किया जनसंपर्क



**मंदसौर/नीमच, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** 10 साल में देश के साथ-साथ संसदीय क्षेत्र पूरी तरह से बदल चुका है। प्रत्येक गांव को सड़कों से जोड़ने के लिए 10 वर्षो में 140 से अधिक प्रधानमंत्री सड़के बनी। यहीं नही क्षेत्र में सबसे बड़े दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेस वे लाभ तो मिलेगा साथ ही जावरा उज्जैन फोरलेन निर्माण से क्षेत्र में विकास के द्वार भी खुलेंगे। उकत बात भाजपा प्रत्याशी व क्षेत्रिय सांसद सुधीर गुप्ता ने जावरा विधानसभा के सूखेड़ा मंडल में जनसंपर्क के दौरान कही।

रविवार को भाजपा प्रत्याशी सांसद सुधीर गुप्ता ने मंदसौर संसदीय क्षेत्र की जावरा विधानसभा के सूखेडा मण्डल में आक्यादेह, सुजापुर, पंचेवा, माउखेडी, सुखेड़ा, काबुलखेड़ी, भाकरखेड़ी, रियावन, झांतला, बछोडीया, रानीगांव, मावता, रणायरा, रिछा देवड़ा, सेमलखेड़ी, पिंगराला, बरखेड़ी, जड़वासा, माननखेडा में जनसंपर्क कर मतदाताओं का आशीर्वाद लिया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी का जगह-जगह आत्मीय स्वागत हुआ। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि मोदी सरकार महिला सशक्तीकरण, किसान, युवा को समर्पित है। सरकार की योजनाओं का हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। महिला, युवा, किसान, गरीब हर वर्ग के विकास को लेकर विकसित भारत के निर्माण के सपने को साकार करना है। महिला को आगे बढ़ाने के लिए करीब 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे। इसी के साथ ही 70 साल से अधिक की आयु के नागरिक भी आयुष्मान योजना का लाभ ले सकेंगे। युवाओं को रोजगार हेतु मुद्रा लोन योजना से लाभान्वित करेंगे। आवास योजना आगे भी निरंतर जारी रहेगी और हर गरीब के अपने घर का सपना साकार करेंगे। विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि संसदीय क्षेत्र में रेलवे, सड़क, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य हर क्षेत्र में विकास हुआ है। 2000 करोड़ से अधिक की माही जल समूह प्रदाय योजना का लाभ क्षेत्रवासियों को मिलेगा। इसी के साथ सिंचाई के लिए किसानों को पानी उपलब्ध होगा। उन्होने मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता को आशीर्वाद देकर अधिक अधिक वोट कर भाजपा ऐतिहासिक विजयीश्री दिलाने की अपील की।

जनसम्पर्क मे लोकसभा प्रभारी बजरंग पुरोहित, पूर्व केबिनेट मंत्री भरतदास बैरागी, विधानसभा प्रभारी ईश्वरलाल पाटीदार, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष हरिराम शाह, महामंत्री घनश्याम बैरागी विधानसभा सह संयोजक बद्रीलाल शर्मा, भाजपा जिला मंत्री रतनलाल लाकड, अजय पाण्डेय शुजापुर, भाजपा पिपलौदा मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह गुडरखेड़ा, मण्डल अध्यक्ष अमित पाठक, सांसद प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी, वरिस्ठ राघवेंद्र पालीवाल, सुरेश धाकड़, रितेश जैन, पवन जैन, मनोज मेहता, मोहन पटेल, वीरेंद्र सिंह चौहान, दिलीप कारपेंटर, सुभाष पांचाल, रामप्रसाद राठौड़, मांगीलाल राठौड़, पर्वत आंजना, सुखेड़ा सरपंच महावीर मेहता, चिमन सिंह, महिला मोर्चा से निर्मला हाड़ा, मधुबाला चन्द्रावत, अनिल कियावत, बंकट दास बैरागी, दसरथ आंजना, जीवन आंजना, जगदीश आंजना, दीपक नाहर, कमल दास बैरागी, कीर्तिशरण सिंह, देवेन्द्र भटनागर आदि मण्डल क्षेत्र के सभी वरिस्ठ कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।



# युवाओं को रोजगार दे ना सके, वह सरकार बदलनी है

## कांग्रेस उम्मीदवार गुर्जर के समर्थन में अभिनंदन मंडलम क्षेत्र में शहर ब्लॉक कांग्रेस ने सघन जनसंपर्क किया, कांग्रेस का घर-घर चलो अभियान जारी

**मंदसौर, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** युवाओं को रोजगार दे ना सके, वह सरकार बदलनी है ... कमीशन वाला यह सांसद नहीं चलेगा...जैसे नारों के साथ लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार श्री दिलीप सिंह जी गुर्जर के समर्थन में शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर द्वार घर घर संपर्क अभियान अभिनंदन मंडलम क्षेत्र में रविवार को हुआ श्र यह जनसंपर्क अभिनंदन नगर की विभिन्न गलियों में किया गया श्र जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस जनों ने देश में बढ़ती बेरोजगारी , महंगाई ,घरेलू गैस के बढ़ते दाम , आदि वर्तमान समस्याओं के बारे में महिलाओं ,मजदूरो ,व्यापारियों कर्मचारीयो को बताया व कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील की। इस अवसर पर मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी महेंद्र सिंह गुर्जर,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद हनीफ शेख , जिला कांग्रेस पदाधिकारी गण सर्वश्री डॉ प्रीति पाल सिंह राणा, सुरेंद्र कुमावत , मनजीत सिंह टुटेजा, राजेश फरक्या ,सुदर्शन सिंह शक्तावत, राजनारायण लाड, रमेश सिंगार, राजेंद्र सेठिया,रफत पयामी, बबीतासिंह तोमर, सुनीता बंडी , वर्षा सांखला, राधाबाई सुनार्थी, योगिता बैरागी ,नेहा कनकमल जैन, रेखा भावसार, मंडलम अध्यक्षगण सर्वश्री अजय सोनी, रमेश बृजवानी , दशरथ सिंह राठौड़, पंकज जोशी ,शुभम कुमावत ,नितेश सतीदासानी ,वकार खान, अजय मारू ,विजय जैन,अमीन खान, दिनेश नाई,सेक्टर अध्यक्ष विजय सिंह सिसोदिया,महेश गुप्ता, राजेश खींची सुनील गुप्ता, एनएसयूआई शहर ब्लॉक अध्यक्ष सम्यक जैन, महेश रतनावत, प्रणय धाकड, ईश्वर भावसार, उस्मान मंसूरी , लक्ष्मी नारायण कोठारी ,भगवती लाल सुरावत, दिनेश यादव आदि इस अवसर पर उपस्थित थे श्र कार्यक्रम के अंत में आभार अभिनंदन मंडलम अध्यक्ष अजय सोनी ने माना।

**आज गोल चौराहा मंडलम में होगा घर घर जनसंपर्क**–शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर एवं गोल चौराहा मंडलम अध्यक्ष विजय जैन ने बताया कि 29 अप्रैल सोमवार को गोल चौराहा मंडलम में शाम 6 बजे से घर घर जनसंपर्क किया जाएगा। सभी कांग्रेसजन अशोक जी डांगी की दुकान पर समय पर पधारें।

# अब शादी ब्याह पर ब्रेक

## अगले ढाई माह अबूझ मुहूर्त पर ही बजेगी शहनाई

**मंदसौर, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** शुक्रवार को इस सीजन का आखिर सावा रहा, इससे जिले में शादियों की जगह-जगह धूम रही। इसी महीने 30 अप्रैल को शुक्र अस्त हो जाएंगे, इस कारण सावों पर एक बार फिर से ब्रेक लग जाएगा। दैत्य गुरु शुक्र तारा 30 अप्रैल को मध्य रात्री 3 बजकर 30 मिनट पर अस्त होगा। इससे पूर्व 27 अप्रैल को रात्रि में वृदत्व दोष प्रारंभ हो गया। वैसे तो शुक्र 7 जुलाई को उदय होंगे, उससे पूर्व ही 9 मई को ही गुरु अस्त हो जाएंगे और 3 जून तक अस्त रहेंगे। शुक्र अस्त के मध्य 10 मई अक्षय तृतीया, 16 मई जानकी नवमी, 23 मई पीपल पूर्णिमा, 16 जून गंगा दशमी को अबूझ सावे रहेंगे। 07 जुलाई को शुक्र के उदय होने के बाद ही 10 जुलाई को शुक्र का बाल्यत्व दोष समाप्त होगा। उसके बाद ही फिर से शहनाइयां गूंजने लगेगी। परंतु इसके बाद दो ही अबूझ सावे रहेंगे जो 15 जुलाई को (रेखीय सावा) भाल्या नवमी और 17 जुलाई देवशयनी एकादशी को है।

### चार महीने सो जाएंगे देव...

चार माह (यानी 11 नवंबर तक) देवशयन रहने की वजह से मांगलिक कार्यों पर फिर ब्रेक लग जाएगा। वहीं 12 नवंबर से देवउठनी एकादशी अबूझ सावे से पुन: विवाह समारोह के साथ-साथ सभी मांगलिक कार्यों का शुभारंभ हो जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में शादियां होंगी। नींव मुहूर्त, गृह प्रवेश, मुंडन सहित अन्य मांगलिक कार्य भी किए जा सकेंगे। गुरु-शुक्र अस्त होने के कारण इस बार मई और जून में सावे नहीं है। उदय और अस्त होने के बाद 3 दिन तक बाल्यत्व दोष के कारण सावे नहीं होते हैं।

### शुक्र और गुरु दोनों होंगे अस्त...

30 अप्रैल को रात 3.30 बजे से शुक्र अस्त हो जाएगा। 7 जुलाई को रात 9:05 बजे शुक्र उदय होगा। शुक्र अस्त से तीन दिन पहले और शुक्र उदय के तीन दिन बाद तक वृद्धत्व व बालत्व दोष माना जाता है। इससे इन दिनों कोई भी शुभ कार्य नहीं होगा। वहीं, गुरु 9 मई सुबह 7.15 बजे से अस्त होंगे। 3 जून को दोपहर 3 बजे गुरु उदय होंगे। इस दौरान धार्मिक आयोजन जैसे कथा, रामायण पाठ, दोष निवारण हो सकेंगे।

# हमीरगढ़ और रलायता में तेंदूए का आतंक बढ़ा



**भानपुरा, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भानपुरा तहसील क्षेत्र के ग्राम हमीरगढ व रलायता में तेंदुए का आतंक बढ़ा। समीप ही वन क्षेत्र लगा होने से तेंदुआ घरों के बाड़े में एवं खेतों पर बंधे गौवंश को अपना शिकार लगातार बना रहा है। तेंदुए के आतंक से ग्रामीणों में डर व्याप्त हो रहा है। बीते 12 घंटे में तेंदुए ने 5 गायों के बछड़ों को अपना शिकार बना कर मार डाला। तेंदुआ ने 28 अप्रैल को ग्राम रालायता के मोहनलाल धाकड़ के 4 गौवंश का शिकार कर मार डाला एंव एक गाय को घायल कर दिया। एंव तेंदुए ने ग्राम हमीरगढ में राजेंद्र धाकड़ के बाड़े में बंधी 2 गायों पर हमला किया। जिसमें से एक की मौत हो गई। एक गौवंश को गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह तेंदुआ गायों को आये दिन अपना शिकार मार रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि वन विभाग को पिछले दो वर्षों से सूचित किया जा रहा है। इसके बावजूद वन विभाग द्वारा कोई उचित कारवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों द्वारा 181 पर भी शिकायत की गई है। पिछले 3 सालों में तेंदुए ने कई गायों का शिकार कर मौत के घाट उतार दिया है। आए दिन तेंदुआ गांव में घुस रहा है। तेंदुएं के आतंक से गांव में खौप का वातावरण निर्मित हो रहा है। ग्रामीण जन खेत पर जाने से डर रहे हैं। एवं छोटे बच्चों को लेकर भय बना हुआ है। गांव के अंदर बिते दिनों में कई अन्य जानवर कुत्ते भी गायब हैं।

वन परिक्षेत्र अधिकारी भानपुरा अंकित भदोरिया ने बताया कि ग्राम हमीरगढ एवं रलायता में तेंदुए द्वारा गौवंश को शिकार बनाए जाने की सूचना मिलने पर मौके पर जाकर ग्रामीणों से जानकारी ली एवं मृत गौवंश का पोस्टमार्टम कराया गया। नियम अंतर्गत एवं प्रावधानों के तहत संबंधित लोगों को राहत मिलेगी। आगे भी अगर तेंदुआ ग्राम एवं खेतों पर गौवंश का शिकार करता है। तो शीघ्र ही पिंजरा लगाया जाएगा।



# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दिलाई जा रही शपथ

**मंदसौर, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई जा रही हैं। ''हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । तरह तरह की गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। यह गतिविधि हाट बाजार, मेलो, चौराहों पर की जा रही है। साथ मतदान केंद्रों पर जाकर ईवीएम को चलाना, मतदान का महत्व, लोकतंत्र का महत्व आदि के बारे में मतदाताओं को बताया जा रहा है। जिससे मतदाताओं में जागरूकता उत्पन्न हो।

# कृषि मंडी बालाजी मंदिर पर हुआ भंडारा



**मंदसौर, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में रविवार को मंदसौर कृषि उपज मंडी में स्थित श्री बालाजी मंदिर पर भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे का आयोजन मंडी परिवार एवं दशपुर मंडी हम्माल यूनियन द्वारा किया गया।

सुबह 10 बजे श्री बालाजी की महाआरती की गई। इसके बाद महाप्रसादी भंडारे का आयोजन प्रारंभ हुआ। महाआरती में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर भी शामिल हुए। महाआरती के बाद सांसद बंशीलाल गुर्जर ने भक्तों का महाप्रसादी परोसी। हम्माल-तुलावटी पूर्व प्रतिनिधि दिलीप ग्वाला ने बताया की सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुआ भंडारा शाम तक चलता रहा। बड़ी संख्या में मंडी व्यापारी भी महाआरती एवं भंडारे में शामिल हुए। मंडी कर्मचारी, व्यापारी, हम्माल, तुलावटी सहित आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्तजनों ने महाप्रसादी ग्रहण की।

# हारे का सहारा सेवा समिति को स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत शपथ दिलाई

**भानपुरा, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत विधानसभा क्षेत्र 227 गरोठ में जिले में सबसे कम मतदान होता आया है। इस वर्ष निर्वाचन प्रतिशत बढाने के लिए सहायक रिटर्निंग अधिकारी गरोठ चन्दरसिंह सौंलकी के निर्देशन में तथा विनोद कुमार शर्मा तहसीलदार तथा भीमसिंह खराडी, राकेश बर्डे नायब तहसीलदार के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियों का एक अभियान चलाया जा रहा। जिसके अंतर्गत अन्य निर्वाचन की अपेक्षा मतदान प्रतिशत बढाने के लिए अथक प्रयास किये जा रहे हैं। इसी संदर्भ में भानपुरा की सामाजिक संस्था हारे का सहारा सेवा समिति के सदस्यों को भी इस अभियान के अंतर्गत हरिश नामदेव बी एल ओ सुपरवाइजर ने गौ सेवा करते हुए सभी सदस्यों को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई। साथ ही यह भी समझाईश दी की सभी सदस्य इस लोकतंत्र के महापर्व में शत प्रतिशत मतदान बढाने के लिए तन और मन से सहयोग प्रदान करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाये। शपथ लेने वालो में समिति के मार्गदर्शक मुकेश किशन राठौर, समिति के अध्यक्ष सुनील माली, डाक्टर शरद बंम्बोरिया, गौरव श्रीमाल, सन्नी पटवा, रोहित मालवीय, अनुप प्रजापति, विनीत गायरी, कुणाल बागडी आदि उपस्थित थे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष, विधायक, पूर्व विधायक, प्रकोष्ठ प्रदेश पदाधिकारी कर रहे हैं घर-घर जनसंपर्क

**मंदसौर, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, क्लस्टर प्रभारी कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग और उज्जैन संभाग प्रभारी जीतू जिराती के मार्गदर्शन तथा लोकसभा प्रभारी बजरंग पुरोहित, लोकसभा संयोजक देवीलाल धाकड़, मंदसौर लोकसभा क्षेत्र स्थित मंदसौर नीमच और रतलाम जिला अध्यक्ष क्रमश: नानालाल अटोलिया, पवन पाटीदार और प्रदीप उपाध्याय के नेतृत्व में मंदसौर नीमच जावरा लोकसभा स्थित भाजपा संगठनात्मक तीनो जिलों में भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव में विजय प्राप्ति के लक्ष्य को लेकर गांव-गांव और चौपाल-चौपाल पंहुच रहा है। जनसंपर्क के दौरान वार्डो गांव एंव चौपालों पर भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र वितरित करते हुए उसकी जानकारी से मतदाताओं को अवगत करवाया जा रहा है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दस वर्षो र्से निरंतर जारी जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा कर उसके मिल रहे लाभ को लेकर भाजपा के पक्ष में मतदान 13 मई को करने की अपील की जा रही है।

भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने आज मल्हारगढ़ विधानसभा के ग्राम बोरखेड़ी, कचनारा ,मुनेदेडी ,खेरखेड़ा और चंगेरी में भाजपा मंडल अध्यक्ष जीतू जाट की उपस्थिति में पदाधिकारी एंव कार्यकर्ताओं के साथ आमजन से भेंट कर भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता को विजय बनाने की अपील की। जनसंपर्क के इस क्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष नीमच पवन पाटीदार ने विधायक दिलीप सिंह परिहार के साथ नीमच जिले की नीमच विधानसभा के दीनदयाल मंडल, मुखर्जी मंडल और उत्तर मंडल में कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के इस क्रम में नीमच जिले के मनासा क्षेत्र के विधायक माधव मारू ने कुकडेश्वर मंडल की बैठक ली और कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जनसंपर्क किया।और भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता को विजय बनाने की अपील की। इसी प्रकार पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने मंदसौर विधानसभा के ग्रामीण मंडल में मंडल अध्यक्ष ईश्वर सिंह पवार के साथ घर-घर जनसंपर्क किया ठीक है । जनसंपर्क के इस क्रम में मंदसौर जिले के सुवासरा विधानसभा के विधायक हरदीप सिंह डंग ने सीतामऊमंडल के ग्रामों में भाजपा पदाधिकारीयो के साथ जनसंपर्क किया। इसी प्रकार भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर ने शामगढ मंडल के ग्राम छायन में कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर सघन जनसंपर्क किया और भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता को विजय बनाने की अपील की। जनसंपर्क के इस क्रम मे गरोठ भानपुरा क्षेत्र के विधायक चंद्र सिंह सिसोदिया ने भानपुरा मंडल के भगवानपुरा ग्राम में पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क किया एंव आमजन से भेंट की। इसी प्रकार भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा मंदसौर जिला अध्यक्ष श्रीमती निर्मला गुप्ता ने अपने पदाधिकारी के साथ शामगढ, सुवासरा, चंदवासा, खेजडिया में महिला बहनों के साथ बैठक का घर-घर सघन जनसंपर्क किया। इसी प्रकार मंदसौर विधानसभा के उत्तर मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत और दक्षिण मंडल अध्यक्ष अजय आसेरी ने क्रमश: अपने-अपने मंडलों में भाजपा प्रदेश कार्यक्रम सदस्य अनिल कियावत, डॉ सुषमा आर्य ,जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह राणा घटावदा, जिला मंत्री नरेंद्र पाटीदार, जिला कोषाध्यक्ष राजू चावला, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश सहसंयोजक प्रीतेश चावला रिप्पि, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, राजेश पालीवाल,हिम्मत डांगी, योगेश गुप्ता,नगर पालिका उपाध्यक्ष नम्रता चावला , विजय सुराणा ,पुलकित पटवा, विनय दुबेला, राजेश गुर्जर, कपिल भंडारी सहित मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जनसंपर्क किया।

## मतदाता जागरूकता रैली आज

**नीमच, 28 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज 29 अप्रैल को प्रात: 10:00 बजे से शा.महात्मा गांधी महाविद्यालय जावद से मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है। एसडीएम श्री चन्द्रसिंह धार्वे ने आधिकाधिक नागरिकों और मतदाताओं से मतदाता जागरूकता रैली में भाग लेने का आह्वान किया है। रैली का समापन शासकीय चिकित्सालय जावद पर होगा।


**✻ पूजारी चाहिए ✻**

**श्री हरिहर धाम**

**वेदांत विहार, लक्ष्मी नगर, अभिनंदन रोड, मंदसौर**

**मंदिर में पूजा अर्चना के लिए फूल टाइम पूजारी की आवश्यकता है।**

**✻✻ इच्छुक संपर्क करें ✻✻**

**सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक**

**मो. 9424033322, 9425105927**





स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356

समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।

फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in